This Question Paper consists of 41 questions [Section–A (21) + Section–B (12+8)] and 23 printed pages.

इस प्रश्न-पत्र में 41 प्रश्न [खण्ड–अ (21) + खण्ड–ब (12+8)] तथा 23 मुद्रित पृष्ठ हैं।

Roll No. / अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | | |

**Code No. / कोड नं०** **67/TUS/2**

**Set / सेट** **A**

# HOME SCIENCE (Theory)

# गृह-विज्ञान (सिद्धान्त)

# (321)

Day and Date of Examination (परीक्षा का दिन व दिनांक) ..............................

Signature of Invigilators (निरीक्षकों के हस्ताक्षर) 1. ..............................

2. ..............................

***General Instructions*** **:**

1. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2. Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
3. Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
4. Write your Question Paper Code No. 67/TUS/2, Set A on the Answer-Book.
5. (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :

   English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Odia, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.

   You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.

   (b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the question will be yours only.

*सामान्य अनुदेश :*

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।

2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।

3. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जाएगा।

4. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र का कोड नं० 67/TUS/2, सेट [A] लिखें।

5. (क) प्रश्न-पत्र केवल हिन्दी/अंग्रेजी में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :

   अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगू, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिन्धी।

   कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।

   (ख) यदि आप हिन्दी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं, तो प्रश्नों को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

# HOME SCIENCE (Theory)

# गृह-विज्ञान (सिद्धान्त)

# (321)

Time : 2½ Hours ] [ Maximum Marks : 80

समय : 2½ घण्टे ] [ पूर्णांक : 80

*Note* : (i) This Question Paper consists of 41 questions in all.

(ii) *All* questions are compulsory.

(iii) Marks are given against each question.

(iv) Attempt *all* questions either from Optional Module–A Housekeeping or Optional Module–B Creative Hand Embroidery.

(v) **Section–A consists of**

(a) Question Nos. **1** to **9** Multiple Choice-type Questions (MCQs) carrying *1* mark each. Select and write the most appropriate option out of the four options given in each of these questions. An internal choice has been provided in some of these questions. You have to attempt only one of the given choices in such questions.

(b) Question Nos. **10** to **21**—Objective-type Questions carrying *2* marks each. In Question No. **20** an internal choice has been provided for Visually Impaired Candidates. Attempt *all* the questions as per the instructions given for each question.

(vi) **Section–B consists of**

(a) Question Nos. **22** to **28** very short answer-type questions carrying *2* marks each to be answered in the range of *30* to *50* words.

(b) Question Nos. **29** to **31** short answer-type questions carrying *3* marks each to be answered in the range of *50* to *80* words.

(c) Question Nos. **32** and **33** long answer-type questions carrying *5* marks each to be answered in the range of *80* to *120* words.

(vii) Optional Module—**A** and **B** consists of

(a) Question Nos. **34** to **36** carrying *1* mark each.

(b) Question Nos. **37** to **40** carrying *2* marks each.

(c) Question No. **41** carrying *3* marks.

**निर्देश** : (i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 41 प्रश्न दिए गए हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

(iv) वैकल्पिक मॉड्यूल–A गृह–व्यवस्था अथवा वैकल्पिक मॉड्यूल–B कलात्मक हस्त–कशीदाकारी के **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(v) **खण्ड–अ**

(a) प्रश्न संख्या **1** से **9** तक बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) हैं, प्रत्येक *1* अंक का है। प्रत्येक प्रश्न में दिए गए चार विकल्पों में से सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें और लिखें। कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं। आपको ऐसे प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से केवल एक को करना है।

(b) प्रश्न संख्या **10** से **21** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जो प्रत्येक *2* अंक का है। प्रश्न संख्या **20** में दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों के लिए आंतरिक विकल्प दिया गया है। प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए निर्देशों के अनुसार **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(vi) **खण्ड–ब**

(a) प्रश्न संख्या **22** से **28** अति लघूत्तरीय प्रश्न हैं तथा प्रत्येक के *2* अंक निर्धारित हैं, जिनके उत्तर *30* से *50* शब्दों में देने हैं।

(b) प्रश्न संख्या **29** से **31** लघूत्तरीय प्रश्न हैं तथा प्रत्येक के *3* अंक निर्धारित हैं, जिनके उत्तर *50* से *80* शब्दों में देने हैं।

(c) प्रश्न संख्या **32** एवं **33** दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं तथा प्रत्येक के *5* अंक निर्धारित हैं, जिनके उत्तर *80* से *120* शब्दों में देने हैं।

(vii) वैकल्पिक मॉड्यूल–A और B

(a) प्रश्न संख्या **34** से **36** प्रत्येक *1* अंक का।

(b) प्रश्न संख्या **37** से **40** प्रत्येक *2* अंक का।

(c) प्रश्न संख्या **41** *3* अंक का।

(1) Answers of all questions are to be given in the Answer-Book given to you.
सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

(2) 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 2:15 p.m. From 2:15 p.m. to 2:30 p.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the Answer-Book during this period.
इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में 2:15 बजे किया जाएगा। 2:15 बजे से 2:30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

## SECTION–A

## खण्ड–अ

**1.** *(i)* Two-year-old Rajesh has swelling in his legs and face. He has potbelly and light coloured hair. Which deficiency disease he may be suffering from? 1

(A) Marasmus (B) Kwashiorkor

(C) Goiter (D) Anaemia

दो-वर्षीय राजेश की टाँगों और चेहरे पर सूजन आ गई है। उसकी तोंद निकली हुई है और उसके बाल भूरे रंग के हैं। वह किस पौष्टिक तत्त्व की कमी से पीड़ित हो सकता है?

(A) मरास्मस (B) क्वाशियोर्कर

(C) गॉइटर (D) अनीमिया

*Or / अथवा*

*(ii)* Methi is preserved by which method?

(A) Dehydration (B) By salt

(C) Addition of preservative (D) Freezing

मेथी को किस विधि से संरक्षित किया जाता है?

(A) निर्जलीकरण (B) नमक द्वारा

(C) संरक्षक द्वारा (D) जमाना

**2.** *(i)* In food exchange, what is equivalent to one Chapati? 1

(A) Two bread slices (B) Two Idlis

(C) One plain Dosa (D) 1/4 cup Dalia

भोजन प्रतिस्थापन में एक रोटी के बराबर क्या है?

(A) दो ब्रेड स्लाइस (B) दो इडली

(C) एक सादा डोसा (D) 1/4 कप दलिया

*Or / अथवा*

*(ii)* Your grandmother is suffering from hypertension. What should she ***not*** eat from the following menu?

(A) Roti (B) Masala egg curry

(C) Raita (D) Salad

आपकी दादी उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं। निम्नलिखित मेनू में से उन्हें क्या सेवन **नहीं** करना चाहिए?

(A) रोटी (B) मसालेदार अण्डा करी

(C) रायता (D) सलाद

3. *(i)* Which would save space in a small bedroom? 1

(A) By keeping a cupboard (B) By keeping a table

(C) By keeping a box bed (D) By keeping a dressing table

एक छोटे से शयनकक्ष में जगह की बचत कैसे की जा सकती है?

(A) अलमारी रखकर (B) मेज रखकर

(C) बॉक्स बेड रखकर (D) ड्रेसिंग टेबल रखकर

*Or / अथवा*

*(ii)* Built in cupboards are advisable as they

(A) do not occupy floor space (B) are easy to install

(C) look attractive (D) are long lasting

दीवार में बनी हुई अलमारी की सलाह दी जाती है, क्योंकि

(A) वह फर्श पर स्थान नहीं घेरते (B) उनकी व्यवस्था करना आसान होता है

(C) वह आकर्षक लगती हैं (D) वह लंबे समय तक चलती हैं

4. *(i)* Which of the following can reduce your electricity bills? 1

(A) By using hair dryer (B) By using electronic choke

(C) By using mixy (D) By using washing machine

निम्नलिखित में से किसका उपयोग करके बिजली के बिल में कटौती की जा सकती है?

(A) हेयर ड्रायर (B) इलेक्ट्रॉनिक चोक

(C) मिक्सी (D) वाशिंग मशीन

*Or / अथवा*

*(ii)* Which of the following is a renewable source of energy?

(A) Geothermal (B) Nuclear fuels

(C) Electricity (D) Wood

निम्नलिखित में से कौन एक अक्षय ऊर्जा का स्रोत है?

(A) भूतापीय (B) परमाणु ईंधन

(C) बिजली (D) लकड़ी

**5.** In which two investment schemes, can you quickly withdraw your money? 1

(A) Savings account
(B) Units
(C) Life insurance
(D) National Savings Certificate

कौन-सी दो निवेश योजनाओं में आप शीघ्र अपने पैसे निकाल सकते हैं?

(A) बचत खाता
(B) यूनिट
(C) जीवन बीमा
(D) राष्ट्रीय बचत पत्र

**6.** *(i)* Write True or False against the given statements (any *two*) : 1

*(a)* Girls have lesser fat than boys around their bones.

*(b)* A child in middle childhood has 28 teeth.

*(c)* Strong bones provide better support to the muscles.

दिए गए कथन सही हैं या गलत लिखिए (कोई **दो**) :

(क) लड़कों की अपेक्षा, लड़कियों की हड्डियों पर कम चर्बी होती है।

(ख) मध्य बाल्यावस्था में बच्चे के 28 दाँत होते हैं।

(ग) मजबूत हड्डियाँ, मांसपेशियों को अच्छा आधार देती हैं।

*Or / अथवा*

*(ii)* Vasectomy is

(A) permanent method of family planning

(B) temporary method of family planning

(C) performed before 18 years of age

(D) performed after 60 years of age

वैसेक्टोमी (पुरुष-नसबंदी)

(A) परिवार नियोजन का स्थायी तरीका होता है

(B) परिवार नियोजन का अस्थायी तरीका होता है

(C) 18 वर्ष की आयु से पूर्व ही किया जाता है

(D) 60 वर्ष की आयु के बाद किया जाता है

**7.** *(i)* At what age do children use metaphors like 'look before you leap' in their language? 1

(A) 2 to 3 years (B) 6 to 11 years

(C) 3 to 5 years (D) 3 to 4 years

बच्चे अपनी भाषा में कौन-सी आयु में 'फूँक-फूँककर कदम रखे' जैसे रूपक का प्रयोग करते हैं?

(A) 2 से 3 वर्ष (B) 6 से 11 वर्ष

(C) 3 से 5 वर्ष (D) 3 से 4 वर्ष

*Or / अथवा*

*(ii)* 10-year-old Manoj has begun to understand that if he gets up late, he will have to walk fast to reach school in time. Which cognitive characteristic does this?

(A) Classification (B) Seriation

(C) Time and speed (D) Conservation

दस-वर्षीय मनोज समझता है कि वह अगर देर से उठेगा तो उसे समय पर स्कूल पहुँचने के लिए तेज चलना पड़ेगा। यह कौन-सी संज्ञानात्मक विशेषता की ओर संकेत करता है?

(A) वर्गीकरण (B) श्रेणीबद्ध करना

(C) समय और गति (D) संरक्षण

**8.** *(i)* Underwears are made by which technique? 1

(A) Braiding (B) Knitting

(C) Weaving (D) Lace

अंतर्वस्त्र किस तकनीक से बनाए जाते हैं?

(A) ब्रेडिंग (B) निटिंग

(C) वीविंग (D) लेस

*Or / अथवा*

*(ii)* Which weave is created by using thick yarns with thin yarns in one direction?

(A) Basket weave (B) Rib weave

(C) Plain weave (D) Satin weave

मोटे सूत को पतले सूत के साथ एक ही दिशा में प्रयोग करके कौन-सी बुनाई उत्पन्न की जाती है?

(A) बास्केट बुनाई (B) रिब बुनाई

(C) साधारण बुनाई (D) साटिन बुनाई

**9.** *(i)* Which stain should never be removed with hot water? 1

(A) Tea (B) Blood

(C) Grease/Ghee (D) Paint

कौन-से धब्बे को हटाने के लिए गर्म पानी का प्रयोग कभी नहीं करना चाहिए?

(A) चाय (B) खून

(C) ग्रीज/घी (D) पेंट

*Or / अथवा*

*(ii)* Which of the following is ***not*** an auxiliary?

(A) Blues (B) Optical brightening agents

(C) Chemical bleaches (D) Soap

निम्नलिखित में से कौन-सा एक सहायक सामग्री **नहीं** है?

(A) नील (B) ऑप्टिकल ब्राइटेनिंग एजेन्ट

(C) दाग छुड़ाने वाले पदार्थ (D) साबुन

**10.** This question has two cases. Answer both : 2

इस प्रश्न में दो केस हैं। दोनों के उत्तर दीजिए :

*Case 1* :

When does the body use proteins for supply of energy?

*(a)* Lack of carbohydrates and fats in the meal

*(b)* Excess of protein is consumed

*(c)* Consumption of excess animal protein

*(d)* Excess of carbohydrates and fats in the meal

*केस 1* :

ऊर्जा की आपूर्ति के लिए प्रोटीन का उपयोग शरीर कब करता है?

(क) आहार में कार्बोहाइड्रेट और वसा की कमी होने पर

(ख) अधिक प्रोटीन का सेवन करने पर

(ग) अत्यधिक मात्रा में पशु प्रोटीन का सेवन करने पर

(घ) आहार में कार्बोहाइड्रेट और वसा का अत्यधिक होने पर

*Case 2* :

Issues of safe drinking water and environmental sanitation are included in which National Nutrition Programme?

*(a)* ICDS

*(b)* Mid-day Meal Programme

*(c)* National Nutritional Anaemia Control Programme

*(d)* National Iodine Deficiency Disorder Control Programme

*केस 2* :

स्वच्छ पेय जल तथा पर्यावरणीय स्वच्छता जैसे मुद्दे किस राष्ट्रीय पोषण कार्यक्रम में शामिल हैं?

(क) आइ० सी० डी० एस०

(ख) मीड-डे मील कार्यक्रम

(ग) राष्ट्रीय पोषण संबंधी अनीमिया नियंत्रण कार्यक्रम

(घ) राष्ट्रीय आयोडीन न्यूनता जनित दोष नियंत्रण कार्यक्रम

**11.** Give any *two* suggestions for saving money while planning meals. 2

आहार योजना बनाते समय धन बचाने के कोई **दो** सुझाव दीजिए।

*Or / अथवा*

Which of the following meals is ***not*** suitable for a 7-month-old child?

(A) Kheer, mashed banana and dalia

(B) Suji kheer, mashed potato and dalia

(C) Fried potato, khichri and boiled vegetables

(D) Dal soup, mashed potato and dalia

निम्नलिखित में से कौन-सा आहार एक सात-माह के शिशु के लिए उपयुक्त **नहीं** है?

(A) खीर, मसला हुआ केला और दलिया

(B) सूजी की खीर, मसला हुआ आलू और दलिया

(C) तला हुआ आलू, खिचड़ी और उबली हुई सब्जियाँ

(D) दाल सूप, मसला हुआ आलू और दलिया

**12.** Write True or False against the following statements (any *four*) : 2

*(a)* Qualitative modification of diet refers to change in nutrients consistency and spices.

*(b)* Sex of a person has nothing to do with his/her meal planning.

*(c)* Pulses are rich sources of calcium.

*(d)* A balanced diet includes any five favourite foods.

*(e)* A labourer should eat more grain than an office-goer.

दिए गए कथन सही हैं या गलत लिखिए (कोई **चार**) :

(क) गुणात्मक संशोधन का अर्थ है भोजन में पोषक तत्त्व, तरलता और मसाले की मात्रा में परिवर्तन करना।

(ख) किसी व्यक्ति के लिंग का उसके भोजन योजना से कोई लेना-देना नहीं है।

(ग) दालों में कैल्शियम भरपूर मात्रा में होता है।

(घ) संतुलित आहार में कोई पाँच पसंदीदा खाद्य पदार्थ सम्मिलित होते हैं।

(ङ) एक मज़दूर को ऑफिस जाने वाले व्यक्ति से ज्यादा अनाज खाना चाहिए।

**13.** Match Column—I with Column—II : 2

| | *Column—I* | | *Column—II* |
|---|---|---|---|
| *(a)* | Solar panel | *(i)* | Generate electricity |
| *(b)* | Hydel energy | *(ii)* | Saves petrol |
| *(c)* | Suitable air pressure in car tyres | *(iii)* | Use of animal manure |
| *(d)* | Biogas | *(iv)* | Free hot water |

कॉलम—I को कॉलम—II से सुमेलित कीजिए :

| | **कॉलम—I** | | **कॉलम—II** |
|---|---|---|---|
| (क) | सोलर पैनल | *(i)* | विद्युत् उत्पादन |
| (ख) | जल ऊर्जा | *(ii)* | पेट्रोल की बचत |
| (ग) | कार के टायरों में हवा का उचित दबाव | *(iii)* | गोबर की खपत |
| (घ) | बायोगैस | *(iv)* | मुफ्त गर्म पानी |

**14.** Mr. Lal and Mr. Anand have the same income as well as same family size. Mr. Lal has every month puts some money in various investment schemes. Mr. Anand has put all his savings in a savings account in the bank.

*(a)* Who will be richer in the long run?

*(b)* Give justification for your answer. 2

श्री लाल और श्री आनन्द दोनों की समान आय और समान परिवार का आकार है। श्री लाल प्रत्येक माह कुछ राशि निवेश संस्थाओं में डालते हैं। श्री आनन्द ने अपनी सारी बचत, बैंक के बचत खाते में कर रखी है।

(क) लंबे समय में अधिक अमीर कौन होगा?

(ख) अपने उत्तर का औचित्य दीजिए।

**15.** State whether the following statements are True or False : 2

*(a)* The teacher plays an important role in the socio-emotional development of the 8-year-old child.

*(b)* Children should be taught to write when they are 4-year-old.

*(c)* A 4-year-old child should be encouraged to excel in all skills.

*(d)* Children lose their self-esteem, if scolded in front of others.

दिए गए कथन सही हैं या गलत लिखिए :

(क) एक अध्यापक आठ वर्ष के बच्चे के सामाजिक-संवेगात्मक विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

(ख) बच्चों को चार वर्ष की आयु से लिखना सिखाना चाहिए।

(ग) चार-वर्षीय बच्चे को सभी कौशलों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

(घ) दूसरों के सामने डाँटे जाने पर बच्चे अपना आत्मसम्मान खो देते हैं।

**16.** Which cognitive characteristics do the following activities indicate? 2

*(a)* 8-year-old Mohan cries when he is served cold drink in a small glass instead of tall glass.

*(b)* 6-year-old Neeta makes new animals with the clay.

निम्नलिखित गतिविधियों में से कौन-से संज्ञानात्मक गुण की ओर संकेत करती है?

(क) आठ-वर्षीय मोहन रोने लग जाता है जब उसे लम्बे ग्लास की जगह छोटे ग्लास में पेय पदार्थ परोसा जाता है।

(ख) छः-वर्षीय नीता मिट्टी के लौदे से नए-नए जानवर बनाती है।

**17.** Which *four* activities need fine muscular coordination? 2

*(a)* Paper tearing

*(b)* Buttoning a shirt

*(c)* Writing a sentence

*(d)* Eating with a spoon

*(e)* Skipping a rope

*(f)* Pushing a heavy box

निम्नलिखित में से कौन-सी **चार** गतिविधियों को सूक्ष्म मांसपेशियों के समन्वय की आवश्यकता होती है?

(क) कागज फाड़ना

(ख) शर्ट के बटन लगाना

(ग) एक वाक्य लिखना

(घ) चम्मच से खाना

(ङ) रस्सी कूदना

(च) भारी बक्से को धकेलना

**18.** Give one word for the following sets of words : 2

*(a)* A weave that has diagonal lines on the fabric

*(b)* A weave that has long floats on the surface

*(c)* The total number of yarns per square inch of the fabric

*(d)* Only one set of yarn is interlooped to get a fabric

निम्नलिखित शब्दों के समूह के लिए एक शब्द दीजिए :

(क) एक ऐसी बुनाई जिससे वस्त्र पर तिरछी रेखा बनती है

(ख) बुनाई जिसमें सतह पर चमकीले, लम्बे फंदे होते हैं

(ग) बुने हुए वस्त्र के प्रति वर्ग इंच में, ताने व बाने की कुल संख्या

(घ) एक ही सूत को फंदों से फंदा मिलाकर गुँथने पर वस्त्र बनाया जाता है

**19.** State whether the following statements are True or False : 2

*(a)* Blues are obtained from chemical, vegetable and mineral sources.

*(b)* Methylated spirit is used to remove grass stain.

*(c)* Woolen garments should be soaked before washing.

*(d)* Sandalwood can be used for storing woolens.

दिए गए कथन सही हैं या गलत लिखिए :


(क) रसायन, वनस्पति और खनिज स्रोतों से नील प्राप्त किया जाता है।


(ख) घास का दाग हटाने के लिए मिथाइलेटेड स्पिरिट का उपयोग किया जाता है।


(ग) धोने से पहले ऊनी कपड़ों को भिगोना चाहिए।


(घ) ऊनी कपड़ों का भंडारण करने के लिए चंदन का पाउडर का उपयोग किया जा सकता है।

**20.** What do you understand by the following symbols? 2


*(a)* 


*(b)* 


*(c)* 


*(d)* 

निम्नलिखित चिह्नों से क्या समझते हैं?

(क) 

(ख) 

(ग) 

(घ) 

**( Alternative Question for Visually Impaired Candidates )**

**( दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों के लिए वैकल्पिक प्रश्न )**

**20.** What is the role of the following in the case of fabrics? (any *four*) : 2

*(a)* Hydrogen peroxide

*(b)* French chalk

*(c)* Glycerine

*(d)* Camphor

*(e)* Javelle water

कपड़ों की देखभाल में निम्नलिखित की क्या भूमिका है? (कोई **चार**) :

(क) हाइड्रोजन परऑक्साइड

(ख) फ्रेंच चॉक

(ग) ग्लीसरीन

(घ) कपूर

(ङ) जावेल जल

**21.** State any *two* appropriate ethical behaviours of a school bus driver. 2

स्कूल के बस चालक के कोई **दो** उचित नीतिगत व्यवहार बताइए।

## SECTION–B

### खण्ड–ब

**22.** "Inadequate knowledge and skill in your work can create problems." Support this statement with the help of examples. 2

''किसी भी काम के प्रति, अपूर्ण ज्ञान और कुशलता समस्याएँ उत्पन्न कर सकता है।'' इस कथन को उदाहरण की सहायता से समर्थन कीजिए।

*Or / अथवा*

Which *four* habits will you develop to observe ethical behaviour?

नैतिक व्यवहार का पालन करने के लिए आप कौन-सी **चार** आदतें विकसित करेंगे?

**23.** Why is it ***not*** advisable to keep a peeled apple for long? 2

छिले हुए सेब को अधिक समय तक रखना उचित क्यों **नहीं** होता?

*Or / अथवा*

Why should the cooked food be kept in the refrigerator?

पकाए गए भोजन को फ्रिज में क्यों रखना चाहिए?

**24.** In which *four* ways are slum dwellers responsible for the environmental degradation of their area? 2

झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लोग अपने क्षेत्र के पर्यावरण निम्नीकरण के लिए किन **चार** तरह से जिम्मेदार हैं?

**25.** Guide your friend with *two* points to be kept in mind while using any electrical equipment. 2

अपने मित्र को बिजली के उपकरण का प्रयोग करते समय ध्यान में रखने योग्य **दो** बातें बताइए।

**26.** Trace the steps of preserving carrots at home using the freezing method. 2

घर पर जमाने की विधि द्वारा गाजर को परिरक्षित करने के चरण लिखिए।

*Or / अथवा*

Outline the steps used for making dehydrated potato chips at home.

घर पर निर्जलित आलू के चिप्स बनाने के चरणों की रूपरेखा तैयार कीजिए।

**27.** Suggest one way to make a Besan Chilla more nutritious. Justify your answer. 2

बेसन चीला को और अधिक पौष्टिक बनाने का एक तरीका सुझाइए। कारण सहित अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए।

**28.** Family has been served Dal Tadka and rice for lunch. Modify this meal for a 2-year-old child. 2

परिवार को दोपहर के आहार में दाल तड़का और चावल परोसे गए हैं। दो साल के बच्चे के लिए इसे कैसे संशोधित किया जा सकता है?

**29.** A number of educational reforms and policies has been made for girls. Tell any *three* advantages of these. 3

लड़कियों के लिए कई शैक्षिक सुधार और पॉलिसी बनाई गई हैं। इनके कोई **तीन** लाभ बताइए।

*Or / अथवा*

What *three* precautions should be taken by a woman at the time of delivery?

एक महिला को प्रसव (डिलीवरी) के समय कौन-सी **तीन** सावधानियाँ बरतनी चाहिए?

**30.** Which *three* criteria will you check for buying good quality of the fabric? 3

अच्छी गुणवत्ता वाले कपड़े खरीदते समय आप किन **तीन** मानदंडों पर ध्यान देंगे?

*Or / अथवा*

Which *three* points will you keep in mind while selecting clothes for your grandfather?

अपने दादाजी के लिए कपड़ों का चुनाव करते समय आप किन **तीन** बातों का ध्यान रखेंगे?

**31.** Describe any *three* malpractice traders indulge in the textile area. 3

कपड़ों से संबंधित व्यापारियों द्वारा की जाने वाली किन्हीं **तीन** धाँधलियों का वर्णन कीजिए।

**32.** Why do adolescents consider their peer group more important than their family members? 5

किशोर अपने साथियों को अपने परिवार के सदस्यों से अधिक महत्त्वपूर्ण क्यों मानते हैं?

*Or / अथवा*

Give *five* reasons as to why there are arguments between adolescents and their parents.

किशोरों और उनके माता-पिता के बीच बहस होने के **पाँच** कारण बताइए।

**33.** Mention *five* advantages of buying packed food. 5

पैकेट बन्द खाद्य पदार्थ ख़रीदने के **पाँच** लाभ बताइए।

*Or / अथवा*

What is BIS Act? What are its salient features?

बी०आइ०एस० अधिनियम क्या है? इस कानून की प्रमुख विशेषताएँ क्या हैं?

## OPTIONAL MODULE–A

## वैकल्पिक मॉड्यूल–A

### ( Housekeeping )

### ( गृह–व्यवस्था )

**34.** *(i)* Bath brick is used for making

(A) copper cleaner
(B) furniture polish
(C) metal polish
(D) furniture cream 1

बाथब्रिक का उपयोग किसको बनाने के लिए किया जाता है?

(A) कॉपर क्लीनर
(B) फर्नीचर पॉलिश
(C) धातु की पॉलिश
(D) फर्नीचर क्रीम

*Or / अथवा*

*(ii)* Ceramic tiles are cleaned by using

(A) concentrated hydrochloric acid
(B) kerosene oil
(C) hot water and detergent
(D) vinegar

चीनी मिट्टी की टाइलों की सफाई किससे की जाती है?

(A) सांद्र हाइड्रोक्लोरिक अम्ल
(B) मिट्टी का तेल
(C) गर्म पानी और डिटर्जेंट
(D) सिरका

**35.** Flowers for a flower arrangement should be plucked

(A) at night (B) in the morning

(C) in the afternoon (D) in the evening 1

पुष्प सज्जा के लिए फूलों को कब तोड़ना चाहिए?

(A) रात के समय (B) सुबह के समय

(C) दोपहर को (D) शाम को

**36.** Baking soda and ammonia are examples of 1

(A) alkali (B) polish

(C) bleach (D) abrasive

बेकिंग सोडा और अमोनिया किसके उदाहरण हैं?

(A) क्षार (B) पॉलिश

(C) विरंजक (D) अपघर्षक

**37.** Given below is a list of reagents. Specify one role of each in cleaning surfaces (any *four*) : 2

*(a)* Kerosene

*(b)* Sawdust

*(c)* Sodium hypochloride

*(d)* Fuller's earth

*(e)* Methylated spirit

नीचे अभिकर्मकों की एक सूची दी गई है। सतहों की सफाई में प्रत्येक की एक भूमिका बताइए (कोई **चार**) :

(क) मिट्टी का तेल

(ख) बुरादा

(ग) सोडियम हाइपोक्लोराइड

(घ) मुलतानी मिट्टी

(ङ) मिथाइलेटेड स्पिरिट

**38.** Match Column—I with Column—II : 2

| *Column—I* | | *Column—II* | |
|---|---|---|---|
| *(a)* | Alkali | *(i)* | Lemon |
| *(b)* | Solvent | *(ii)* | Hydrogen peroxide |
| *(c)* | Acid | *(iii)* | Ammonia |
| *(d)* | Bleach | *(iv)* | Methylated spirit |

निम्नलिखित कॉलम—I और कॉलम—II का मिलान कीजिए :

| **कॉलम—I** | | **कॉलम—II** | |
|---|---|---|---|
| (क) | क्षार | *(i)* | नीबू |
| (ख) | विलायक | *(ii)* | हाइड्रोजन परऑक्साइड |
| (ग) | अम्ल | *(iii)* | अमोनिया |
| (घ) | विरंजक (ब्लीच) | *(iv)* | मिथाइलेटेड स्पिरिट |

**39.** How will you maintain a table made of polished wood? 2

एक पॉलिश की हुई लकड़ी की टेबल का रखरखाव आप कैसे करेंगे?

**40.** How will you clean a wooden chopping board? 2

एक लकड़ी के चॉपिंग बोर्ड की सफाई आप कैसे करेंगे?

**41.** Give reason for the following : 3

In a room cooler

*(a)* the water inlet in the pump is covered

*(b)* the water level should always be above the minimum level

*(c)* electricity switch should be switched off while filling water

निम्नलिखित के लिए कारण दीजिए :

एक रूम कूलर में क्यों जरूरी है कि

(क) पानी के प्रवेश मार्ग को ढक दिया जाता है

(ख) पानी न्यूनतम स्तर के ऊपर रहना चाहिए

(ग) पानी भरते समय बिजली का स्विच बंद होना चाहिए

## OPTION MODULE–B

## वैकल्पिक मॉड्यूल–B

## ( Creative Hand Embroidery )

## ( कलात्मक हस्त–कशीदाकारी )

**34.** *(i)* An analogous colour scheme is made by using which of the following colours on the colour wheel? 1

(A) Colours lying opposite to each other

(B) Three colours lying adjacent to each other

(C) Three colours in a triangle

(D) Shades and tints of one colour

एक समीपवर्ती रंग योजना, रंग चक्र पर निम्नलिखित में से किन रंगों का उपयोग करके बनती है?

(A) एक–दूसरे के विपरीत रंग

(B) तीन रंग जो पास–पास स्थित हों

(C) त्रिकोण में तीन रंग

(D) एक ही रंग के टिन्ट और शेड

*Or / अथवा*

*(ii)* Which colour is ***not*** used in a triad colour scheme?

(A) Orange

(B) Green

(C) Purple

(D) Red

एक त्रिकोणीय रंग योजना में कौन–से रंग का प्रयोग **नहीं** किया जाता?

(A) नारंगी

(B) हरा

(C) बैंगनी

(D) लाल

**35.** Which of the following colours creates the effect of feminity? 1

(A) Pink (B) Dark gold

(C) Light yellow (D) Purple

निम्नलिखित रंगों में से कौन-सा रंग स्त्रियोचित का प्रभाव उत्पन्न करता है?

(A) गुलाबी (B) गहरा सुनहरा

(C) हल्का पीला (D) बैंगनी

**36.** Which factor is least important while selecting an embroidary design? 1

(A) Weather (B) Sex

(C) Age (D) Occassion

कढ़ाई के डिजाइन का चुनाव करते समय कौन-सा बिंदु सबसे कम महत्त्वपूर्ण है?

(A) मौसम (B) लिंग

(C) आयु (D) अवसर

**37.** Fill in the blanks (any *four*) : 2

*(a)* Golden and silver are called _____ colours.

*(b)* Mixing of one primary and one secondary colour in equal quantities give _____ colour.

*(c)* Brightness and dullness of a colour is called _____.

*(d)* White and black colours are called _____ colours.

*(e)* _____ is a cool colour.

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (कोई **चार**) :

(क) सुनहरा और चाँदी _____ रंग कहलाते हैं।

(ख) एक प्राथमिक और एक द्वितीयक रंग को बराबर मात्रा में मिलाने से _____ रंग बनाया जाता है।

(ग) रंग के तेज और हल्केपन को _____ कहते हैं।

(घ) सफेद और काला _____ रंग कहलाते हैं।

(ङ) _____ एक ठंडा रंग है।

**38.** State whether the following statements are True or False (any *four*) : 2

*(a)* Orange is a warm colour.

*(b)* Lightness and darkness of a colour is called hue.

*(c)* Shade is obtained by adding black to any colour.

*(d)* Green is a complimentary colour of red.

*(e)* Tetrad forms a square on the colour wheel.

नीचे दिए गए कथन सही हैं या गलत लिखिए (कोई **चार**) :

(क) नारंगी एक गर्म रंग है।

(ख) रंग का हल्कापन और गहरापन ह्यू कहलाता है।

(ग) किसी रंग में काला रंग मिला देने से शेड प्राप्त होता है।

(घ) हरा रंग, लाल रंग का पूरक रंग होता है।

(ङ) टेट्राड, रंग चक्र में एक वर्ग की रचना करते हैं।

**39.** How will you enlarge a design? 2

आप किसी डिजाइन को कैसे बढ़ाएँगे?

**40.** Teach your friend the method of making a darning stitch. 2

अपने मित्र को डार्निंग स्टिच बनाने की विधि सिखाइए।

**41.** Differentiate between geometrical and stylized designs. 3

ज्यामितीय तथा स्टाइलाइज्ड डिजाइन के बीच अन्तर स्पष्ट कीजिए।

★ ★ ★